## महत्वपूर्ण एवं खास

### विवाहिता के आत्महत्या के मामले में पति और पति की बड़ी बहन पर उत्प्रेरण का अपराध दर्ज

**बरमकेला।** थाना बरमकेला के मर्ग क्रमांक 13/2021 धारा 174 जा0फौ0 की मृतिका फुलबाई भोय पति रोहित भोय उम्र 26 वर्ष साकिन दानीघाटी थाना बरमकेला की जाँच पर मृतिका के वारिसानों का कथन लिया गया जो बताये कि फुलबाई भोय के साथ रोहित की सगाई तय हो गई थी। उसी बीच रोहित भोय गांव के नाबालिग लड़की को भगाकर ले गया था, उस केस में उसे जेल हुई थी। जेल से छूटने के बाद ही सितंबर 2020 में रोहित भोय की बडी बहन राधिका भोय आनन फानन में फुलबाई की शादी उसके परिजनों के सहमति के बिना करा दी। शादी में फुलबाई के घर परिवार से कोई नहीं आये थे। मृतिका के सास, ससुर काफी समय से कमाने खाने बाहर गये हैं। मृतिका का पति रोहित भोय आये दिन फुलबाई को शराब पीकर मारपीट करके प्रताडित करता था और उसे उसके परिवारवालों को ताना देता था कि तेरे परिवारवाले घर के खर्चा के डर से तुम्हारे शादी में नहीं आये। उनकी प्रताड़ना से तंग आकर दिनांक 18.04.2021 के शाम फुलबाई फासी लगाकर आत्महत्या कर ली। मर्ग जांच पर आरोपी रोहित भोय पिता भोगीलाल भोय उम्र 27 वर्ष एवं उसकी बड़ी बहन राधिका भोय पति कपुरचंद भोय 35 वर्ष दोनों साकिनान दानीघाटी थाना बरमकेला के विरूद्ध अपराध सदर धारा 306, 34 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

### ग्राम दुर्गापुर बना पहला पूर्ण टीकाकृत गांव

**रायगढ़ ।** विकासखंड धरमजयगढ़ का दुर्गापुर ऐसा गांव बन गया जहां 18 वर्ष से अधिक उम्र के लक्ष्य के विरुद्ध सभी लोगों का टीकाकरण हो चुका है। विकासखंड धरमजयगढ़ के मुख्यालय से 4 किलोमीटर की दूरी पर बसा गांव टीकाकरण को लेकर बहुत ही गंभीर रहा है। गांव के सरपंच, सचिव, आंगनबाड़ी स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन सभी ने खूब मेहनत की एवं गांव में घर-घर जाकर लोगों को टीकाकरण के संबंध में जागरूक किया, जिसका परिणाम यह देखने को मिला कि विकासखंड में पहला गांव दुर्गापुर सामने आया जिसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों का लक्ष्य के विरुद्ध टीकाकरण करा लिया है। कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में विकासखंड के अनुविभागीय अधिकारी ने बैठक का आयोजन कर सभी वार्ड पार्षद, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा था कि सभी लोगों का टीकाकरण अनिवार्य रूप से कराना है इसके लिए लोगों के घर-घर जाकर उन्हें टीकाकरण के होने वाले लाभों के बारे में बताने के लिए कहा इसके लिए एक स्पेशल रणनीति भी तैयार की गई जिसके अंतर्गत प्रत्येक गांव को टीकाकरण में 100 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की जा सके। जिसके तहत पहले चरण में 15 गांव का चिन्हांकन कर इन गांव को फोकस किया गया जहां पर अधिक लोग रुचि ले रहे हैं, इसी का परिणाम है 18 वर्ष से अधिक उम्र के 880 लोगों का टीकाकरण किया जा सका है। ग्राम दुर्गापुर अन्य विभिन्न ग्रामों के लिए भी प्रेरणा के रूप में उभर कर सामने आया है इनके द्वारा वैक्सीनेशन के लिए बनाई गई रणनीति काफी कारगर साबित हुई है गांव में सरपंच के द्वारा वैक्सीनेशन के पूर्व सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सचिव एवं अन्य लोगों का बैठक आयोजित कर सभी पंचों को भी वार्ड के हिसाब से वैक्सीनेशन कराने के लिए जवाबदारी सौंपी गई थी, जिस पर सभी लोगों के टीमवर्क का परिणाम यह निकल कर आया है विकासखंड के अन्य गांवों को भी इनसे सीख ले कर अपने सभी नागरिकों को टीकाकरण कराए जाने की आवश्यकता है जिससे कि जल्द से जल्द अपने विकासखंड को कोरोना से मुक्त किया जा सके।

# कोविड अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट का काम तेजी से करें पूरा-कलेक्टर

**» मेडिकल कॉलेज में 12 हजार लीटर लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट लगाने का काम हुआ शुरू**

**» कलेक्टर भीम सिंह ने जिले में कोरोना प्रबंधन की आगामी तैयारियों की समीक्षा की**



**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज जिले में कोरोना प्रबंधन पर स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने तीसरी लहर के मद्देनजर तैयारियों के संबंध में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की लिए किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। सीजीएमएससी के अधिकारियों ने बताया कि जगह का चिन्हांकन कर इंस्टॉलेशन हेतु फाउंडेशन बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। जल्द ही सारा कार्य पूरा कर लिया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने एमसीएच अस्पताल में भी 12 हजार लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि तीसरी लहर से निपटने एमसीएच अस्पताल को विशेष रूप से बच्चों और गर्भवती महिलाओं के उपचार के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके लिए अस्पताल में ऑक्सीजन पाइप लाइन का विस्तार कर पूरे बेड को ऑक्सीजन सुविधा युक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने धरमजयगढ़, सारंगढ़, चपले लैलूंगा में ऑक्सीजन पाइप लाइन फिटिंग और ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किए जाने के कार्यों की भी समीक्षा की। बायोमेडिकल इंजीनियर को सारे काम तेजी से पूरा करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि हमें अगली लहर से पहले अपनी तैयारी पुख्ता कर लेनी है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विशेषज्ञ से बच्चों के उपचार हेतु सभी आवश्यक मशीनें सामग्री व दवाइयों की खरीदी पूरी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मेडिकल स्टाफ को बच्चों के उपचार इंटेंसिव केयर से संबंधित प्रक्रियाओं की पूरी ट्रेनिंग देने के निर्देश दिए जिससे बड़ा मैन पावर इस कार्य के लिए तैयार किया जा सके। उन्होंने बच्चों के हिसाब से पीडियाट्रिक और नियो नेटल आईसीयू यूनिट, वेन्टीलेंटर्स, मास्क, बाइपेप मशीनें इत्यादि की उपलब्धता तथा आवश्यकतानुसार खरीदी की तैयारी के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने मेडिकल कॉलेज में एबीजी और डी डाइमर जैसी जरूरी जांचों को जल्द शुरू करने आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज तथा एमसीएच अस्पताल के कोविड वार्डो को अगली लहर के मुताबिक अपग्रेड करने के लिए प्रस्ताव तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर में एसी इंस्टॉलेशन का कार्य भी जल्द पूरा करने के लिए कहा जिससे वहां इंटेंसिव केयर वार्ड तैयार किया जा सके। इस दौरान ज्वाइंट कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोंगरे, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, डिप्टी कलेक्टर पी.के.गुप्ता सहित कोविड अस्पतालों के संचालक और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

**❒ सीटी स्कैन मशीन हुआ शुरू-** कलेक्टर सिंह ने मेडिकल कॉलेज में इंस्टॉल्ड सिटी स्कैन मशीन के बारे में जानकारी ली। मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ मिंज ने बताया कि इंस्टालेशन का काम पूरा हो चुका है। टेक्निकल स्टाफ को मशीन ऑपरेशन्स की ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है। अभी 6-7 स्कैनिंग भी की जा चुकी हैं।

**❒ प्रदेश का प्रथम पूर्ण टीकाकृत जिला बनाने का है लक्ष्य-** कलेक्टर भीम सिंह ने कोविड टीकाकरण की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अभी तक लगभग पौने 6 लाख लोगों को टीका लगाया जा चुका है। आगे हमें रायगढ़ जिले को प्रदेश का पहला पूर्ण टीकाकृत जिला बनाने के लक्ष्य के साथ काम करना है। इसके लिए सभी विभागों को बेहतर आपसी समन्वय के साथ काम करना होगा। उन्होंने टीकों की उपलब्धता के अनुसार सेशन प्लान कर टीकाकरण कार्य पूरे जिले में सुचारू रूप से चलाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निजी अस्पतालों द्वारा लगाए जा रहे टीके की जानकारी भी पोर्टल में अपडेट करने के लिए कहा। इसके लिए निजी अस्पतालों के स्टाफ को पोर्टल में अपडेशन के लिए जरूरी ट्रेनिंग करवाने के निर्देश दिए।

**❒ लैब की क्षमता में लगातार कर रहे विस्तार-** बैठक के दौरान कलेक्टर सिंह ने कोविड टेस्टिंग की समीक्षा की। उन्होंने आरटी पीसीआर लैब में डीएमएफमद से मंगाए गए नए सेंट्रीफ्यूज मशीन के इंस्टॉलेशन के बारे में जानकारी ली। लैब इंचार्ज डॉक्टर ने बताया कि मशीन के रोटेटर आ चुके हैं तथा उसका इंस्टॉलेशन किया जा चुका है। इसके साथ ही उन्होंने एक अन्य मशीन खरीदने आवश्यकता होने की बात कही कलेक्टर सिंह ने उसकी खरीदी भी जल्द करने के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने टेस्टिंग से जुड़े अन्य जरूरी सामग्रियों की जानकारी भी उपलब्ध कराने के लिए कहा, जिससे उनकी अग्रिम व्यवस्था की जा सके।

## हत्या के 2 फरार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**» युवती को भगाकर ले जाने वाले बैगा की चार लोगों ने की थी हत्या, दो आरोपी पहल ही हो चके हैं गिरफ्तार**

**भूपदेवपुर।** पुलिस द्वारा ग्राम पतरापाली, कोतरारोड़ में रहने वाले छोटेलाल सारथी की हत्या मामले के फरार हुये दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण के दो आरोपियों को अपराध कायमी के बाद दिनांक 09.06.2021 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था।

जानकारी के अनुसार थाना भूपदेवपुर के अपराध क्रमांक 106/21 धारा 302, 201, 34 भादवि के मामले में गिरफ्तार आरोपी कन्हैया राठिया पिता सहदेव राठिया उम्र 31 वर्ष एवं टीकम राठिया पिता स्व. श्यामलाल राठिया उम्र 25 साल साकिनान ग्राम कांशीचुंआ तेंदुडीपा थाना भूपदेवपुर अपने मेमोरेंडम कथन में छोटेलाल सारथी (35 वर्ष ) की हत्या आरोपी चैतन राठिया निवासी अंजोरीपाली एवं लक्ष्मीप्रसाद राठिया निवासी केनाभांठा खरसिया के साथ मिलकर करना कबूल किया गया था। आरोपियों ने बताया कि दिनांक 07/06/2021 को छोटेलाल सारथी को जंगल में ले जाकर लात घुसा एवं डण्डा से मारपीट कर हत्या कर लाश को रोड किनारे जंगल झाडियों के बीच छिपा दिये थे। घटना के बाद से चैतन राठिया और लक्ष्मी प्रसाद राठिया फरार हो गये थे, फरार आरोपियों की पतासाजी के लिये थाना प्रभारी निरीक्षक उत्तम साहू स्टाफ एवं मुखबीर लगाया था। आज मुखबिर सूचना पर फरार आरोपी चैतन राठिया पिता अवध राम राठिया उम्र 21 वर्ष सा0 अंजोरीपाली एवं लक्ष्मीप्रसाद राठिया पिता समारू राठिया उम्र 33 वर्ष सा0 केनाभांठा थाना खरसिया जिला रायगढ को हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया जो गिरफ्तारसुदा आरोपी कन्हैया राठिया एवं टीकम राठिया के साथ छोटेलाल की हत्या कर लाश को जंगल में छिपा देना स्वीकार किये, आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को बरामद कर आज दिनांक 16/06/21 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## कोतवाली क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की थाने में परेड... टीआई मनीष नागर की स्पष्ट हिदायत, अवैधानिक कार्यों से रहें दूर



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा राजपत्रित अधिकारियों की ली गई मीटिंग में जिले में क्राईम कन्ट्रोल को लेकर विविध अभियान, जागरूकता कार्यक्रम व अन्य कार्ययोजनाओं पर अधिकारियों से चर्चा किया गया, जिसमें एक बदमाशों पर सतत निगाह रखकर उन पर लगाम कसना जिसे लेकर आज दिनांक 16/06/2021 को थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा थानाक्षेत्र के गुंडा बदमाश, हिस्ट्रीशीटरों को थाने तलब किये। थाने में बदमाशों के गुजर-बसर के साधनों से लेकर उनकी वर्तमान गतिविधियों की पूरी जानकारी पहले ही निकाल कर रखे हुये थे। आज तलब किये गये थाना कोतवाली क्षेत्र में निवासरत इस प्रकार हैं...

**❒ गुंडा बदमाश-** 1. कुलदीप नरसिंह पिता कपील नरसिंह निवासी दरोगापारा रायगढ, 2. लल्ला ऊर्फ अजीत जोगी दरोगापारा रायगढ, 3. सचिन अरोडा ऊर्फ सोनू पिता जगदीश अरोडा निवासी सोनार पारा रायगढ, 4. राजेश जोशी पिता ब्रम्हदत्त जोशी निवासी बीडपारा रायगढ, 5. रविन्द्र भाटिया पिता बी.एस. भाटिया निवासी कातरारोड रायगढ, 06. शिब्बु ऊर्फ शिवशंकर पिता अर्जुन दत्त शर्मा निवासी बैकुंठपुर रायगढ़।

**❒ निगरानी बदमाश-** 1. राजू शर्मा ऊर्फ राजकुमार पिता हरिराम शर्मा निवासी बैकुंठपुर रायगढ, 2. शिब्बु ऊर्फ शिवशंकर पिता अर्जुन दत्त शर्मा निवासी बैकुंठपुर रायगढ, 3. संदीप उरांव ऊर्फ बुटु ऊर्फ बुधु पिता लुकाश उरांव निवासी रामभांठा रायगढ, 4. मुकेश तिग्गा पिता गणेश राम तिग्गा निवासी जवाहर नगर रामभांठा रायगढ, 5. गुडडु साहू पिता सुंदर लाल साहू निवासी बडे रामपुर रायगढ को थाना प्रभारी मनीष नागर कड़े शब्दों में समझाइश दिये कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैधनिक कार्यों, लडाई झगडों, मारपीट, गुंडागर्दी से दूर रहें, यह बर्दाश्त नहीं किया जावेगा। किसी के भी खिलाफ किसी प्रकार का सिकवा शिकायत मिलने पर उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावेगी। सभी अनैतिक कार्य गुजारियों से बाज आ जाये साथ हि उन्हे समझाइस दी गई कि एक सभ्य नागरिक की तरफ जीवन गुजर बसर करें। यदि इसमें किसी प्रकार की परेशानी हो तो पुलिस आपकी मदद करेगी, हर सम्भव सहायता करेंगी। सभी गुडा/निगरानी बदमाशों द्वारा भविष्य में एक अच्छा नागरिक बनने एवं पुलिस की सहयोगी बनने की शपथ लेकर थाने से रुकसत हुये।

## अपचारी बालक व आरोपी युवक से चोरी की 5 दुपहिया वाहन जब्त

**» वारंटियों व गुण्डा बदमाशों की धरपकड़ में जूटमिल पुलिस के हाथ आये दोनों संदिग्ध**



**रायगढ़।** बीते मंगलवार को एसपी संतोष सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में राजपत्रित अधिकारियों की मीटिंग लेकर गुण्डा, बदमाशों का जांच अभियान चलाकर अधिक से अधिक वारंटों की तामिली का निर्देश दिया गया है, जिस पर सभी थानाक्षेत्र अन्तर्गत कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 16/06/2021 को जूटमिल पेट्रोलिंग दौरान गुण्डा, बदमाशों की जांच, संदिग्धों की धरपकड़ की जा रही थी कि आज दोपहर मुखबिर से पेट्रोलिगं पार्टी को ट्रांसपोर्ट नगर में लैलूंगा के दो लड़के सेकेण्ड हैंड बाईक बेचने के लिये चर्चा करना बताया। पेट्रोलिगं पार्टी ट्रांसपोर्टनगर पहुंची जहां एक युवक होण्डा ड्रीम बाईक छ्त्त13ज्य-3462 के पीछे एक किशोर को बिठाये संदिग्ध अवस्था में मिला। दोनों से बाइक बिक्री के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों सख्ते में आ गये, स्टाफ दोनों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की तो दोनों लैलूंगा क्षेत्र के रहने वाले बताये। चौकी स्टाफ द्वारा लैलूंगा में मोटर सायकल बिक्री न कर रायगढ़ में बिक्री करने को लेकर पूछताछ करने पर बालक बताया कि जूटमिल क्षेत्र में अपने माता पिता के साथ किराये पर रहता है। उसका साथी दिलेश्वर नाग के साथ मिलकर होण्डा ड्रीम बाइक के साथ आसपास क्षेत्र में दो स्कुटी और दो टीवीएस मोपेड की चोरी कर किराये मकान पर छिपाकर रखा है। पुलिस दोनों संदिग्धों के मेमोरेंडम पर एक होण्डा ड्रीम बाइक, दो एक्टिवा स्कुटी और दो टीवीएस मोपेड कुल कीमती करीब 1,70,000 का जप्त किया गया है। आरोपी दिलेश्वर नाग पिता कार्तिकेश्वर नाग उम्र 22 वर्ष साकिन तुरतुरा थाना लैलूंगा तथा अपचारी बालक के विरुद्ध चौकी जूटमिल में धारा 41(1-4)सीआरपीसी/379 आईपीसी की कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक अमित शुक्ला प्रधान आरक्षक शंभू पाण्डेय, नरसिंह नाथ यादव, आरक्षक बनारसी सिदार, सत्या यादव, कीर्तन यादव, श्याम लाल सिदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जूटमिल पुलिस लगातार संदिग्ध बदमाशों की धरपकड़ में लगी है जिससे कई चोरों को पकड़ने में सफलता मिली है।

## लाकडाउन में बैंक सखियों ने किया 13 करोड़ से अधिक का लेनदेन

**» 'बिहान' से जुड़ी बैंक सखियां ग्रामीण स्तर पर जरूरतमंदों तक पहुंचा रही वित्तीय सहायता**

**रायगढ़ ।** एक बीसी एक जीपी योजनांतर्गत बैंक सखी की स्थापना के लिये बिहान अंतर्गत स्व-सहायता समूह से कम्प्यूटर कौशल में दक्ष बारहवी पास सदस्य का चयन पे पाइंट बीसी सखी एवं कियोस्क बीसी सखी लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार पश्चात निज ग्राम में स्थापना की जाती है। बीसी सखी के चयन पश्चात ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र रायगढ़ द्वारा सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदाय किया जाता है, प्रशिक्षण उपरांत सभी का आईआईबीएफ की परीक्षा संपन्न की जाती है तथा परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाली बीसी सखी को बायोमेट्रिक मशीन/मार्फो डिवाईस प्रदाय कर रोस्टर अनुसार ग्रमीण क्षेत्रों मे सामान्य जन को बैंकिंग सुविधायें जैसे कि आहरण, जमा, आधार बनाना/आधार लिंक करना, इत्यादि सेवायें बीसी सखी के माध्यम से दी जाती है। जिला रायगढ़ अंतर्गत 'बिहान' से जुड़ी बैंक सखियां लाकडाउन में अपनी पूरी जिम्मेदारी निभा रही है। कोरोनाकाल में आपदा की इस घड़ी में जब लोग अपने घरों से बाहर नही निकल रहे हैं, ऐसी विषम परिस्थिति में भी बैंक सखियां विभिन्न माध्यमों से गांव के जरूरतमंदों तक घर पहुंच विभिन्न प्रकार से वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। जैसे-मनरेगा साईट पर भुगतान, पेंशन भुगतान, प्रधानमंत्री जनधन खातों का भुगतान, प्रधानमंत्री किसान निधि, धान बोनस, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं का भुगतान, राशि अंतरण की सुविधा आदि इस लाकडाउन की परिस्थिति में कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुये अपने गांवो और नजदीकी क्षेत्रों में बैंक सखियों के द्वारा विभिन्न विकासखंडों में दिनांक 01 अप्रैल से आज पर्यन्त तक लोगों को वित्तीय सहायता उपलब्ध होता रहा है।

# वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग से भूमि की उर्वरता के साथ बढ़ेगी फसल की गुणवत्ता-कलेक्टर सिंह

**» सबसे ज्यादा वर्मी कम्पोस्ट बिक्री करने वाले सोयायटी प्रबंधक होंगे पुरस्कृत**





**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज नगर निगम ऑडिटोरियम में गोधन न्याय योजना के तहत वर्मी कम्पोस्ट एवं खाद बीज के भण्डारण एवं बिक्री के संबंध में सोसायटी प्रबंधकों से चर्चा की। कलेक्टर सिंह ने कहा कि गोधन न्याय योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, इसका क्रियान्वयन पूरी गंभीरता से किया जाना है। इसमें कोई लापरवाही नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट से जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। कृषि कार्यों में इसके प्रयोग से भूमि की उर्वरता के साथ फसल की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। साथ ही वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन स्थानीय स्तर पर किया जा रहा है तो इससे गांवों में रोजगार और अतिरिक्त आय के मौके भी सृजित हो रहे हैं।

कलेक्टर सिंह ने सभी सोसायटी प्रबंधकों से कहा कि किसानों को प्रोत्साहित करें कि वे अपने फसलों में अधिक से अधिक वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करें। गोबर से बनी खाद से किसानों को अच्छी फसल मिलेगी और उन्हें आर्थिक लाभ भी मिलेगा। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी को गांव में किसान चौपाल लगाकर किसानों के बीच वर्मी कम्पोस्ट के बारे में ज्यादा से ज्यादा प्रचार करने को कहा। उन्होंने कहा कि यही समय है जब किसानों को खाद की जरूरत पड़ेगी, इसलिये मांग के अनुसार सभी सोसायटियों में अविलंब वर्मी खाद का वितरण करें, ताकि वे किसानों को बिक्री कर सकें। कलेक्टर सिंह ने सोसायटी प्रबंधकों से चर्चा के दौरान कहा कि ऐसे सोसायटी जो सबसे ज्यादा वर्मी कम्पोस्ट की बिक्री करेंगे उन्हें आगामी 15 अगस्त में जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा। कलेक्टर सिंह ने बीज के भंडारण एवं उसके उठाव के संबंध में भी सोसायटी प्रबंधकों से चर्चा की। कुछ सोसायटी प्रबंधकों ने कलेक्टर को अवगत कराया कि किसानों के द्वारा दलहन-तिलहन की मांग आ रही है लेकिन आज पर्यन्त तक बीज सोसायटी में नहीं पहुंचा है। इस बात के लिये कलेक्टर सिंह संबंधित अधिकारी के ऊपर नाराजगी व्यक्त की और उन्हें दो दिन के अंदर सभी सोसायटी में बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

**❒ धौराभांठा, कापू एवं तिलगी के सोसायटी प्रबंधकों की कलेक्टर ने की तारीफ –** कलेक्टर भीम सिंह ने आज की स्थिति में सबसे ज्यादा वर्मी कम्पोस्ट की बिक्री करने वाले धौराभांठा के सोसायटी प्रबंधक तेजराम की तारीफ की। कलेक्टर ने तेजराम से कहा कि किस तरह से आपने किसानों को वर्मी कम्पोस्ट की बिक्री की। कलेक्टर के पूछे जाने पर तेजराम ने बताया कि उन्होंने किसानों को समझाईश दी और बताया कि अभी तक हम रासायनिक खाद का प्रयोग कर रहे थे, जिससे हमारे शरीर को भी कई तरह के नुकसान हो रहे थे और जमीन की उत्पादकता भी कम होती जा रही थी। लेकिन वर्मी कम्पोस्ट खाद के प्रयोग से हमें दोनों तरह का फायदा होगा। इसी तरह कापू एवं तिलगी के सोसायटी प्रबंधकों ने भी अपने अनुभव साझा किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल, उप संचालक कृषि एल.एम.भगत, उप पंजीयक सहकारिता सुरेन्द्र गोड़, बीज निगम के अधिकारी, सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में सोसायटी प्रबंधक मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480